08- MAY- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 5/9/2024 12:29 AM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार 9 मई 2024


देश में

## 15 राज्यों की 283 सीटों पर पूरा हुआ मतदान



- चौथे चरण के लिए 13 मई को होगा मतदान
- आगामी चार चरणों में 260 सीटों पर होगी वोटिंग
- 4 जून को घोषित होंगे लोकसभा चुनाव परिणाम

**नई दिल्ली।** देश में अब तक लोकसभा चुनाव के चलते तीन चरणों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही देश के ऐसे 15 राज्य की 283 सीटें हैं, जहां मतदान खत्म हो गया। कुछ राज्यों में तीन तो कुछ राज्यों में एक और दो चरण में ही मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अब इन राज्यों में चुनाव परिणाम का इंतजार है। इन राज्यों में अधिकतर पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

# सरगुजा में रिकार्ड टूटा, बिलासपुर रहा सबसे पीछे, फिर भी छग में आंकड़ा पिछले चुनाव से आगे

## निर्वाचन आयोग ने जारी किए अंतिम आंकड़े, पिछले लोकसभा चुनाव से 1.11% ज्यादा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा हो गई हैं। चुनाव आयोग ने तीसरे चरण के मतदान के फाइनल आंकड़े जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर 71.98 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा सरगुजा लोकसभा में 79.89 प्रतिशत और सबसे कम बिलासपुर लोकसभा में 64.77 प्रतिशत वोट पड़े हैं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में लोकसभा चुनाव 2019 से 1.11 प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ है। राज्य में 2019 में इस चरण के चुनाव में 70.87 प्रतिशत मतदान हुआ था।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में इस बार सबसे ज्यादा सरगुजा लोकसभा में 79.89 मतदान हुआ। रायगढ़ लोकसभा में 78.85, कोरबा लोकसभा में 75.63, दुर्ग लोकसभा में 73.68, रायपुर लोकसभा में 66.82, जांजगीर-चांपा लोकसभा में 67.56 और बिलासपुर लोकसभा में 64.77 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में पहले चरण में 68.30 प्रतिशत मतदान ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अंतिम आंकड़े

| लोकसभा | मतदान |
|---|---|
| सरगुजा | 79.89% |
| रायगढ़ | 78.85% |
| कोरबा | 75.63% |
| दुर्ग | 73.68% |
| जांजगीर | 67.56% |
| रायपुर | 66.82% |
| बिलासपुर | 64.77% |


छग की पांच सीटों पर बादलों की तरह बरसे वोट, पर रायपुर-बिलासपुर पीछे

### बढ़ा मतदान प्रतिशत

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने कहा, छत्तीसगढ़ में तीनों चरण का चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संम्पन्न हो गया। माओवाद क्षेत्रों में दो चरणों में मतदान हुआ। यहां मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से हुआ. तीसरे चरण का चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

### 2019 के चुनाव के ऐसे रहे आंकड़े

चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, साल 2019 में सरगुजा में 77.29 फीसदी, रायगढ़ में 77.70 फीसदी, जांजगीर-चांपा 65.57 फीसदी, कोरबा में 75.34 फीसदी, बिलासपुर में 64.36 फीसदी, दुर्ग में 71.66 फीसदी और रायपुर में 65.99 फीसदी मतदान हुआ था।









## कहा था पूर्वोत्तर वाले चीनी और दक्षिण के लगते हैं अफ्रीकी, पीएम मोदी बोले- देशवासियों को दी गाली

# सैम हिट विकेट, रंगभेदी टिप्पणी के बाद चौतरफा घिरे, देना पड़ा पद से इस्तीफा

*कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने पिछले दिनों विरासत टैक्स की बात कहकर बीच चुनाव में नया मुद्दा खड़ा कर दिया था। अब नए बयान से फिर विवाद खड़ा हो गया है। पित्रोदा ने एक इंटरव्यू में कहा कि पूर्वी भारत में लोग चीन जैसे दिखते हैं। पश्चिम के लोग अरब जैसे हैं और उत्तर वाले गोरों की तरह और दक्षिण भारतीय तो अफ्रीकी जैसे लगते हैं। यह मायने नहीं रखता। हम सभी एक हैं और भाई-बहन हैं। सैम के इस बयान पर भाजपा हमलावर हो गई है। पीएम मोदी ने एक सभा में कहा कि देशवासियों को गाली दी गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सैम पित्रोदा ने एक मीडिया हाउस से बात करते हुए भारतीयों के रंग-रूप को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के लोग चीनी जैस दिखते हैं। दक्षिण भारतीय तो अफ्रीकी जैसे हैं और उत्तर भारतीय कुछ हद तक गोरे हैं। भारत की विविधता की बात करते हुए सैम पित्रोदा की ऐसी टिप्पणी नया विवाद खड़ा कर सकती है। पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा ने जमकर हमला बोला, वहीं कांग्रेस ने इस बयान से किनारा कर लिया।

- कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने कहा, 'हम विविधता में एकता बनाए रख सकते हैं, जैसे अब तक ही है। बीते 75 सालों में हमने एक अच्छा माहौल तैयार किया है, जहां हर कोई रह सकता है।' उन्होंने कहा, 'हम भारत जैसे विविधता वाले देश को साथ रख सकते हैं। पूर्वी भारत में लोग चीन जैसे दिखते ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

*कांग्रेस ओवरसीज के प्रमुख सैम पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस ने भी इसकी पुष्टि की है। पार्टी के मीडिया इंचार्ज जयराम रमेश ने बताया कि सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफ़ा स्वीकार कर लिया है।*



### पीएम मोदी ने राहुल गांधी को घेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के वारंगल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। शहजादे के एक अंकल ने आज ऐसी गाली दी है, जिसने मुझे गुस्से में भर दिया है। संविधान सिर पर रखने वाले लोग देश की चमड़ी का अपमान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस ने इसका भरपूर विरोध किया। मैं बहुत सोच रहा था कि द्रौपदी जी जिनकी बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है, आदिवासी समाज की बेटी हैं।

### क्या कहा था सैम पित्रोदा ने?

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों की विवादित रूप से तुलना की थी। उन्होंने कहा था कि भारत एक अत्यंत विविधता भरा देश है, जहां पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीन के लोगों जैसे, पश्चिम में रहने वाले अरब जैसे, उत्तर भारत में रहने वाले श्वेतों की तरह और दक्षिण में रहने वाले अफ्रीकी लोगों की तरह दिखते हैं। लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भाजपा ने घेरा

#### जमकर आलोचना

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सैम पित्रोदा भारत को नहीं समझते हैं। वो राहुल गांधी के सलाहकार हैं। अब समझ आता है कि राहुल गांधी इतना अनाप-शनाप क्यों बोलते हैं? इन लोगों को देश की कुछ समझ नहीं है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये पप्पू के प्रॉक्सी प्रोफेसर हैं. इनके इसी ज्ञान से कांग्रेस देश की पार्टी से अब मोहल्ले की पार्टी बनकर रह गई है। विदेश में बैठकर हमारे देश के बारे में गाली देते रहते हैं। गुरु नंबरी और चेला 10 नंबरी है। केंद्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल ने पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये लोग हताश हैं, कुछ भी बोलते रहे हैं। ये शर्मनाक है। देश को तोड़ने के अलावा इनके पास कोई बात नहीं ▶▶ शेष पेज 6 पर

दोपहर 12.30 बजे नतीजे होंगे घोषित

## टापर्स लिस्ट के साथ दसवीं बारहवीं के परिणाम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा आज की जाएगी। माशिम गुरुवार दोपहर 12.30 बजे परीक्षा परिणामों की घोषणा करेगा। नतीजों की घोषणा होते ही परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। आचार संहिता लागू होने के कारण इस बार शिक्षा मंत्री द्वारा परिणाम जारी नहीं किए जा सकेंगे। मंडल अध्यक्ष रेणू पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू द्वारा परिणाम जारी किए जाएंगे। मंडल के सभागृह में नतीजों की घोषणा होगी। परिणाम वेबसाइट https:// cgbse.nic.in/, https: //cg.results. nic.in/ तथा results.cg.nic.in पर देखे जा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल दोनों कक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करेगा। नियमित तथा स्वाध्यायी छात्रों को मिलाकर दसवीं कक्षा की परीक्षा में इस वर्ष लगभग 3.5 लाख छात्र शामिल हुए हैं। इसी तरह 2.6 लाख छात्रों ने बारहवीं की परीक्षाएं ▶▶ शेष पेज 6 पर


दसवीं में 3.5 लाख और बारहवीं में 2.6 लाख छात्रों ने दिलाई है परीक्षा

### सीएम साय ने छात्रों को दी अग्रिम बधाई

सीजी बोर्ड के परिणाम आने को लेकर सीएम साय ने छात्रों को अग्रिम बधाई दी है, साथ ही कहा है कि अगर किसी कारण कोई बच्चे नंबर की दौड़ में उतने आगे नहीं भी बढ़ पाए हों, तो चिंता की बात नहीं है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ है। जीवन में सदैव आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए छात्रों से कहा है कि प्रिय बच्चों, कल सीजी बोर्ड के परिणाम आने वाले हैं। जिनके परिणाम अपेक्षा के अनुरूप आएंगे, उन्हें अग्रिम बधाई, अगर किसी कारण आप नंबर की दौड़ में उतने आगे नहीं भी बढ़ पाए हों, तो चिंता की बात नहीं है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ है। जीवन में सदैव आगे बढ़ें।

## खबर संक्षेप

### भारतीय वन सेवा में 147 का चयन

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग द्वारा बुधवार को घोषित नतीजों के मुताबिक भारतीय वन सेवा के लिए 147 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। ऋत्विका पांडे ने परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार काले प्रतीक्षा नानासाहेब और स्वास्तिक यदुवंशी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है।




### आलू की बोरियों के नीचे मिला 19 लाख का डोडा

**महासमुंद।** ओडिशा से गांजा के बाद अब अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त की तस्करी कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर 1904 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त ले जा रहा था, जिसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मादक पदार्थ की कीमत 19,04,000 रुपए बताई जा रही है। आरोपी द्वारा डोडा को ओडिशा से बाड़मेर राजस्थान ले जाए जाने की बात स्वीकार की है।



बचूपल्ली में बड़ा हादसा

## निर्माणाधीन इमारत गिरी, जांजगीर के तीन मजदूर समेत 7 की मौत

**जांजगीर चांपा।** हैदराबाद के बचूपल्ली में निर्माण अधिनियम इमारत गिरने से सात लोगों की मौत हो गई। इनमें जांजगीर जिले के भी मजदूर पति-पत्नी और उनका बच्चा शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार भारी बारिश से हैदराबाद के बाचूपल्ली में एक निर्माणाधीन मकान गिर गया। इस दौरान रात्रि के समय सो रहे सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन लोग जांजगीर चांपा जिले के ग्राम नवापारा के बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि नवापारा निवासी राम यादव अपनी पत्नी गीता यादव और 4 साल के बेटे हिमांशु को लेकर कमाने खाने हैदराबाद गया हुआ था। दिन भर की मजदूरी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीएम ने जताया शोक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हादसे में मृत मजदूरों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ है। श्री साय ने जिला प्रशासन को हैदराबाद के स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बनाते हुए मृतकों के परिजन की जानकारी जुटाकर आवश्यक सहायता करने के निर्देश दिए हैं।

## साय बोले-मोदी के नेतृत्व में ही देश बन सकता है 'आर्थिक महाशक्ति'

**रायपुर/कोरापुट/नवरंगपुर।** छत्तीसगढ़ का चुनाव खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब देशभर में भाजपा के स्टार प्रचारक की भूमिका में है। श्री साय बुधवार को उड़ीसा के कोरापुट और नवरंगपुर जिले में चुनाव प्रचार में पहुंचे और सभाओं को संबोधित किया। यहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ओडिशा ही नहीं, पूरे देश में जनता का विश्वास पीएम मोदी और भाजपा के प्रति बढ़ा है। मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सहित 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हुए सबके लिए काम किया। चाहे पक्का मकान देने का मामला हो, चाहे माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति के लिए गैस सिलेंडर देने की बात हो, महिला सम्मान से जुड़े शौचालय देने का विषय हो। नरेंद्र मोदी ने सभी वर्ग के लिए काम किया है, चाहे जनधन खाते खोलने की बात हो या घर-घर निर्बाध बिजली और स्वच्छ पानी पहुंचाने की बात हो। हर क्षेत्र में मोदी जी ने उत्कृष्ट कार्य किया है।इससे निश्चित रूप से ओडिशा की ▶▶ शेष पेज 6 पर

- ओडिशा पहुंचे सीएम साय ने ली दो जनसभाएं



### ओडिशा की आदिवासी बेटी को बनाया राष्ट्रपति

सीएम साय ने कहा कि आज आपके ओडिशा की एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व पीएम मोदी ने मुझे सौंपा है। हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही संभव है। भाजपा में लोकतंत्र है, कार्यकर्ताओं का सम्मान है। जबकि अन्य पार्टियों में परिवारवाद है, अयोग्य लोग ही पार्टी में अपना प्रभुत्व चला रहे हैं।

## एस्ट्राजेनेका ने वापस मंगाए कोविड-19 टीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लंदन

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं।




### दुनियाभर में तीन अरब से अधिक डोज

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई। दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई।










भक्त मिला लहूलुहान

## भगवान शिव पर चढ़ाने के लिए चाकू से काटी जीभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

अलग खबर

दुर्ग के अंजोरा चौकी क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपनी जीभ काट लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण में विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह गांव के तालाब के पास अचानक एक 33 वर्षीय युवक राजेश्वर निषाद ने भगवान शिव पर चढ़ाने के लिए अपना जीभ काटकर एक पत्थर के पास रख दी। गांव वालों ▶▶ शेष पेज 6 पर



### भगवान शिव की करता था पूजा

एसआई ने बताया कि राजेश्वर जिस चाकू से जीभ काटी है, वह चाकू खुद अपने साथ लाया था। ग्रामीणों ने बताया कि राजेश्वर शिव जी को भेंट करने के लिए अपनी जीभ काटी है। राजेश्वर शादीशुदा है, उसकी पत्नी गूंगी है और उसके तीन बच्चे हैं। जीभ कटने की वजह से राजेश्वर का बयान नहीं हो पाया है।

बिलासपुर, गुरुवार 9 मई 2024 haribhoomi.com



# हरिभूमि रणभूमि लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



# जिंदल, वल्लभ, पचौरी जैसे दर्जनभर नेताओं का कांग्रेस से हुआ मोहभंग

*पिछले हफ्ते कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों की आलोचना की थी। अब लवली ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अकेले लवली ही नहीं, चुनाव वर्ष में लगातार कांग्रेस को झटके-पर-झटके लग रहे हैं और पार्टी के नेता या तो बीजेपी में जा रहे हैं, या फिर एनडीए गठबंधन में शामिल हो जा रहे हैं, जो कि पार्टी के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। 2024 में ही कांग्रेस के करीब दर्जन भर दिग्गज नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं जिन्होंने टिकट मिलने के बावजूद पार्टी छोड़ दी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**रवनीत सिंह बिट्टू:** पंजाब की लुधियाना लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी जॉइन कर ली थी। बीजेपी ने उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लुधियाना से रवनीत सिंह बिट्टू को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। रवनीत सिंह बिट्टू पंजाब में सियासी तौर पर एक बड़ा नाम माने जाते हैं।

**गौरव वल्लभ :** कांग्रेस के प्रवक्ता रह चुके गौरव वल्लभ ने भी हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। गौरव झारखंड और राजस्थान की अलग-अलग विधानसभा सीटों से कांग्रेस के लिए चुनाव भी लड़ चुके थे। गौरव वल्लभ ने दो पन्नों का पत्र लिखकर राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर पार्टी के स्टैंड और देश के वेल्थ क्रिएटर्स को लगातार निशाना बनाए जाने पर नाराजगी का जिक्र किया था।

**अर्जुन मोढवाडिया:** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस के विरोधी रुख पर गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पोरबंदर से विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने साल 2024 के मार्च महीने में कांग्रेस से इस्तीफा देकर बीजेपी की सदस्यता ले ली थी। अर्जुन 40 साल तक कांग्रेस के लिए काम कर चुके थे।

**हाल ही में कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली ने थामा है भाजपा का दामन**

### चुनाव वर्ष में लगातार कांग्रेस को लग रहे हैं झटके-पर-झटके



**अशोक चव्हाण:** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने 2023 में ही कांग्रेस छोड़ बीजेपी जॉइन की थी, उन्हें बीजेपी ने राज्यसभा भेज दिया है। अशोक चव्हाण कांग्रेस पार्टी के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



**नवीन जिंदल:** पूर्व सांसद और मशहूर उद्योगपति अशोक जिंदल हाल ही में कांग्रेस छोड़ बीजेपी में गए थे और उन्हें बीजेपी ने कुरुक्षेत्र सीट से अपना प्रत्याशी भी बनाया है। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से ही कांग्रेस के टिकट पर सांसद रह चुके हैं।



**मिलिंद देवड़ा:** मनमोहन सिंह सरकार में केंद्र में मंत्री रह चुके मिलिंद देवड़ा ने जनवरी 2024 में कांग्रेस का हाथ छोड़कर शिवसेना का दामन थाम लिया था। शिवसेना ने उन्हें बाद में राज्यसभा भेज दिया था। मिलिंद देवड़ा भी उन कांग्रेसी नेताओं में शामिल थे जो पार्टी की कार्यशैली से नाराज थे।



**सुरेश पचौरी:** मध्य प्रदेश की सियासत का बड़ा नाम माने जाने वाले कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी ने मार्च 2024 में बीजेपी की सदस्यता ले ली थी। सुरेश पचौरी चार बार कांग्रेस की टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए और केंद्र की यूपीए सरकार में मंत्री भी रह चुके थे।

**रोहन गुप्ता:** कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के प्रमुख रह चुके रोहन गुप्ता ने हाल ही में कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को लोकसभा का टिकट भी दिया था, लेकिन फिर भी उनकी नाराजगी पार्टी से इतनी ज्यादा थी कि उन्होंने पार्टी का टिकट ठुकराकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और बीजेपी जॉइन कर ली थी।

**अजय कपूर:** यूपी की पॉलिटिक्स के अहम नेता और AICC सदस्य पूर्व विधायक अजय कपूर ने भी पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देकर बीजेपी जॉइन कर ली थी। अजय कपूर कांग्रेस के लगातार तीन बार विधायक रहे हैं।

**विजेंद्र सिंह:** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने भी हाल ही में कांग्रेस का हाथ छोड़ बीजेपी की सदस्यता ले ली थी। वह दक्षिणी दिल्ली से पिछला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़े थे, लेकिन हार गए थे। कांग्रेस इस बार उन्हें मथुरा सीट से लड़ाने की तैयारी कर रही थी।

**बाबा सिद्दीकी:** महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी ने फरवरी 2024 में कांग्रेस छोड़कर अजीत पवार गुट की एनसीपी में शामिल हो गए थे। अजीत पवार फिलहाल एनडीए में शामिल हैं। इसके अलावा आचार्य प्रमोद कृष्णम, विभाकर शास्त्री, बाब सिद्धकी, राजेश मिश्रा, संजय निरूपम, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अनिल एंटनी, प्रियंका चतुर्वेदी, टॉम वडक्कन, परनीत कौर, अमरिंदर सिंह, संजय सिंह, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह जैसे नेता भी पिछले कुछ सालों में पार्टी छोड़ चुके हैं।

## सोशल मीडिया

### 'पीएम मोदी का सिंहासन हिलने लगा : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री मोदी का सिंहासन हिलने लगा है और इस वजह से पीएम अपने ही सहयोगियों पर निशाना साध रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना में विपक्ष से सवाल पूछा था कि चुनाव के एलान के बाद से कांग्रेस ने अंबानी और अदाणी पर निशाना साधना क्यों बंद कर दिया? क्या उनके बीच कोई डील हुई है? शहजादे को यह बताना चाहिए कि अंबानी और अदाणी से इसके लिए कितने रुपये लिए गए हैं।

### पाकिस्तान संभलता नहीं, तुम अमेठी की चिंता करते हो



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, 'अब तक मैं कांग्रेस नेता के खिलाफ ही चुनाव लड़ती थी, लेकिन अब एक पाकिस्तानी नेता ने कहा है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि 'तुमसे पाकिस्तान ना संभलता, तुम अमेठी की चिंता करते हो।' अगर मेरी बात पाकिस्तान के नेताओं तक पहुंच रही है तो मैं उनसे कहना चाहूंगी कि ये वह अमेठी है जहां पीएम मोदी ने AK 203 राइफल के लिए फैक्ट्री लगाई है, जो बॉर्डर पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को मारने के लिए इस्तेमाल की जाती है।

## 'इंडिया सत्ता में आया तो राम मंदिर पर लग जाएगा ताला'



**यूपी की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री शाह**

**लखनऊ।** गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के हरदोई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। गृह मंत्री ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आ गया तो राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा दिया जाएगा। गृह मंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस ने इस मामले को लंबे वक्त तक लटकाए रखा और जब बीजेपी दूसरी बार सत्ता में आई तो बीजेपी ने राम मंदिर का केस भी जीता और निमार्ण भी कराया। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सरकार में आएंगे, तो धारा 370 और तीन तलाक वापस लाएंगे। मैं आपको बताता हूं कि गलती से भी ये राहुल बाबा और अखिलेश सत्ता में आ गए, तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' लगा देंगे।

### वोट बैंक खिसकने का डर

गृह मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बुलावा भेजा गया था लेकिन वह नहीं आए क्योंकि उन्हें वोट बैंक खिसकने का डर था। गृह मंत्री शाह ने प्रचार के दौरान और भी कई मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। शाह ने कहा,"अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल, प्रियंका गांधी सभी को राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में आमंत्रित किया गया था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वे अपने वोट बैंक से डरते हैं। केवल राम मंदिर ही नहीं, पीएम मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भी पुनर्निर्माण किया है, जिसे औरंगजेब ने नष्ट कर दिया था।

## '400 पार का नारा देने वालों की अब भाषा बदल गई'



**शाहजहांपुर में बोले अखिलेश, भाजपा को बताया झूठ का शहंशाह**

**शाहजहांपुरा।** यूपी के शाहजहांपुर में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार का नारा देने वालों की भाषा ही बदल गई है। आजकल बड़ी-बड़ी होर्डिंग में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है। भाजपा वालों ने पहले ही स्वीकार कर लिया कि खटारा इंजन को बदल देना है। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित मैदान में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। अखिलेश ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री भी शाहजहांपुर आए थे। लखनऊ वाले भी आने वाले होंगे। दोनों सरकारों ने बड़े-बड़े वादे और बातें की। उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है।

### लागू होगा एमएसपी कानून

अखिलेश ने ऐलान किया कि गठबंधन की सरकार आई तो एमएसपी कानून लागू होगा। साथ ही किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य भी दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने पेपर लीक के मुद्दे को उठाते हुए युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि इस बार नौजवानों ने सोचा था कि पेपर लीक नहीं होगा, लेकिन दो दिन परीक्षा कराने के बाद फिर से पेपर लीक हो गया। सरकार युवाओं को रोजगार और नौकरी नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने वोट के लिए राशन में रिफाइंड, दाल और चने तक दिए, लेकिन अब वह बाजरा दे रहे हैं। बोले कि गठबंधन की सरकार बनने पर राशन की मात्रा बढ़ाएंगे, साथ ही पैकेट वाला आटा देने के साथ डाटा भी दिया जाएगा।

**कांग्रेस भी नई चुनावी रणनीति के साथ खोई सियासी जमीन तलाशने में जुटी**

# आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को चुनौती देने को तैयार राजग गठबंधन!

*दक्षिण भारत की सियासत के साथ देश में सत्ता की हैट्रिक बनाने की रणनीति से चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ वाईएसआर कांग्रेस को चुनौती देने के लिए तेलुगू देशम पार्टी और जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है। प्रदेश के विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के लिए यह दूसरा चुनाव है। चूंकि साल 2019 के चुनाव में वाईएसआर ने राज्य की 22 लोकसभा और विधानसभा की 151 सीटें जीतकर सभी राजनैतिक गठबंधनों को आईना दिखा दिया था और राज्य में सरकार बना ली थी। इसलिए इस बार के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी शून्यता खत्म करने के मकसद से राज्य के दलों के सहयोग से नए सिरे से जमीनी चुनावी रणनीति तैयार की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओपी पाल

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरह खाली हाथ लौटी कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन के साथ नई चुनावी रणनीति से अपनी खोई हुई सियासी जमीन का आधार तलाशने में जुटी है। मसलन आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा और 175 विधानसभा सीटों के लिए चौथे चरण में 13 मई को एक साथ होने वाले चुनाव में राजग और इंडिया गठबंधन ने सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को चुनौती देने के इरादे से चुनावी जंग में कदम रखा है। आंध्र प्रदेश से तेलंगाना अलग होने के बाद बदले सियासी समीकरणों के बीच पहली बार हुए लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की सियासी रणनीति शून्य साबित हुई थी और वाईएसआर कांग्रेस ने अपना परचम लहराकर लोकसभा चुनाव में 25 में से 22 और विधानसभा की 175 में 151 सीटे जीतकर सबको चौंकाया था। उस समय भी राजग में तेदेपा व भाजपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन तेदेपा को लोकसभा में तीन और विधानसभा में 23 सीटों पर संतोष करना पड़ा था, इसलिए मजबूरी में इस बार भी तेदेपा को राजग के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है। वहीं तेदेपा के अलावा भाजपा की दूसरी सहयोगी पार्टी जन सेना पार्टी के प्रमुख एवं टॉलीवुड के अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण के लिए इस चुनावी समर में अपनी एक दशक पुरानी जेएसपी को मजबूत बनाकर सियासी जमीन तैयार करने का बेहतर मौका साबित हो सकता है।



### इन सीटों पर होगा मतदान

आंध्र प्रदेश में चौथे चरण में जिन सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होगा, उनमें अरुकु, श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट, और चित्तूर सीट शामिल हैं।

### सियासी दलों की रणनीति

भाजपा दक्षिण भारत में अपनी सियासी ताकत बढ़ाने में जुटी है। इसलिए भाजपा ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ दल वाईआरएस कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का प्रयास किया था। लेकिन विभाजन के बाद पहली बार साल 2019 के चुनाव में 25 लोकसभा सीटों में से 22 सीटे जीतकर सिरमौर साबित हुई जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस ने अकेले दम पर ही चुनाव लड़ने की रणनीति से सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये हैं। जबकि छह साल के अंतराल बाद आंध्र की तेलुगू देशम पार्टी के मुखिया चन्द्रबाबू नायडू ने भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया, जिसमें अभिनेता रहे पवन कल्याण की जन सेना पार्टी भी उसकी सहयोगी बनी। इस गठबंधन के तहत आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में तेदपा ने 17, भाजपा ने 6 और जेएसपी ने 2 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनावी जंग में उतारा है। तो दूसरी ओर वहीं इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस पार्टी ने राज्य में वापसी करने के इरादे से चुनाव रणनीति बनाकर 23 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि एक-एक सीट अपने सहयोगी दलों सीपीआई और सीपीआई(एम) को दी है। गौरतलब है कि 2014 में अविभाजित आंध्र प्रदेश में 42 लोकसभा और 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था, तो लोकसभा में सबसे ज्यादा 16 और विधानसभा में 126 तेदेपा-भाजपा ने हासिल की थी।

### जातीय समीकरण यहां भी हावी

उत्तर प्रदेश और बिहार की तरह आंध्र प्रदेश की सियासत जाति के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है. सूबे में तीन जातियों का वर्चस्व माना जाता है आर्य और द्रविड़ की मिश्रित जाति निवास करती है, जिसमें हिंदू 90.89 प्रतिशत, मुस्लिम 7.30 प्रतिशत और ईसाई 1.38 प्रतिशत हैं। हिंदुओं में अनुसूचित जाति की आबादी 17 प्रतिशत है। पिछड़ा वर्ग में 143 जातियां शामिल हैं, जिनकी संख्या लगभग 37 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त कापू और विभिन्न अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आबादी लगभग 15 प्रतिशत है। राज्य में 88.5 फीसदी जनसंख्या तेलगू भाषा का इस्तेमाल करता है। हालांकि आंध्र प्रदेश की राजनीति में तीन बड़ी जातियों कम्मा, कापू और रेड्डी का प्रभाव रहता है, जहां राजनीति में कम्मा एवं कापू एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं। राज्य की 25 प्रतिशत आबादी वाली कम्मा और 15 प्रतिशत आबादी वाली कापू जातियों के वोटरों का जमीनी स्तर पर अगर तालमेल हो गया तो 10 प्रतिशत आबादी वाली रेड्डी के लिए यह चुनाव आसान नहीं होगा।

# 'ईवीएम अपने बाप की' गुजरात में बूथ कैप्चरिंग, 4 मिनट लाइव स्ट्रीमिंग

### *2 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया*



**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे फेज की वोटिंग के दौरान गुजरात के महीसागर जिले में भाजपा नेता के बेटे विजय भाबोर ने बूथ कैप्चरिंग की। इसके बाद इसे सोशल मीडिया पर लाइव किया। मामला महीसागर के दाहोद लोकसभा क्षेत्र का है। वीडियो में विजय भाबोर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ईवीएम तो अपने बाप की है। वीडियो वायरल होने के बाद दाहोद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.. प्रभाबेन तावियाड ने मामला दर्ज करवाया। मामले में चुनाव आयोग ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। अभी तक 2 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वही वीडियो में दिख रहा मुख्य आरोपी विजय फरार है।

### मुख्य आरोपी विजय है फरार कांग्रेस ने बनाया बड़ा मुद्दा

विजय ने बूथ कैप्चरिंग को सोशल मीडिया पर लाइव किया। इस दौरान वह अपने साथियों के साथ बात करता नजर आ रहा है। बता दें कि आरोपी के पिता दाहोद के जिला प्रमुख रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार वीडियो के वायरल होने के बाद विजय ने वीडियो डिलीट कर दिया। तब तक काफी लोग इस लाइव देख चुके थे। एफआईआर होते ही विजय ने वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से डिलीट कर दिया। वहीं वीडियो के सामने आने के बाद कांग्रेस के नेताओं ने जमकर बवाल काटा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी वोटिंग की। ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इस बूथ पर फिर से वोटिंग कराने की अपील की है।

**बूथ कर्मचारी रह गए दंग, परिजनों पर होगी कार्रवाई**

# 12 साल की बच्ची वोट डालने पहुंची, वोटर लिस्ट में भी था नाम

एजेंसी ▶▶| मुरादाबाद



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई को संपन्न हुई। इसी दिन संभल लोकसभा में वोट डाले गए। अब यहां से एक खबर सामने आ रही है कि एक पोलिंग बूथ पर एक 12 साल की बच्ची भी वोट डालने पहुंची थी। हैरानी की बात यह है कि वोटर लिस्ट में बच्ची का नाम भी शामिल था। अब इस मामले पर डीएम ने सख्ती दिखाई है, उन्होंने कहा कि इस मामले पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। यह घटना संभल लोकसभा के अंतर्गत आने वाले मुरादाबाद के कुंदरकी क्षेत्र की है। कुंदरकी के ही एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने एक 12 साल की बच्ची भी पहुंची थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, वीडियो में खुद लड़की ने अपनी उम्र 12 साल बताई, साथ ही कहा कि वह कक्षा 8 की छात्रा है, बूथ कर्मियों की पूछताछ में उसने अपना नाम फरहीन बताया।

### आधार कार्ड को लेकर भी मिली शिकायतें

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्ची नाबालिग है इसलिए उसके पेरेंट्स उसके आसपास के लोग ही इसमें इन्वॉल्व रहे होंगे, इसकी जांच कराएंगे और कड़ी कार्रवाई करेंगे। आधार कार्ड को लेकर भी शिकायतें मिली हैं, अधिकांश वोटर आधार कार्ड ही लेकर आए क्योंकि वो भी विकल्प है। ये भी शिकायत मिली है कि बड़ी संख्या में आधार कार्ड भी बने हैं। हम कुछ जगहों पर जांच भी करवाएंगे कोई अनियमितता पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## भारत की सियासत में सर्वोच्च पद पर पहुंचने का है रोचक इतिहास

# मोदी जैसे कई नेता हैं जो मुख्यमंत्री से बने प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में एक राज्य के मुख्यमंत्री रहने से प्रधानमंत्री पद तक की दूरी जब नरेंद्र मोदी ने तय की, तब तमाम लोगों का कहना था कि एक सीएम का कद इतना बढ़ गया कि वह पीएम पद तक पहुंच गया। यह बात दीगर है कि पहले मीडिया इस प्रकार निजी ज़िन्दगी के कद की बात कम करता रहा था, लेकिन अब निजी जीवन को ज़्यादा तवज्जो मिलने लगी है। उपलब्धि हो या कमी, सभी उजागर करने का काम मीडिया कर रहा है। आइए जानते हैं, देश के उन नेताओं के बारे में, जिन्होंने किसी राज्य की राजनीति से सफर शुरू किया और देश की केंद्रीय राजनीति तक ही नहीं पहुंचे, प्रधानमंत्री के पद को भी सुशोभित किया।

### मोरारजी देसाई



मोरारजी देसाई (29 फरवरी, 1896 – 10 अप्रैल, 1995) भारत के स्वाधीनता सेनानी और स्वतंत्र भारत के चौथे प्रधानमंत्री (जवाहरलाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री तथा इंदिरा गांधी के बाद वर्ष 1977 से 79 तक) थे। मोरारजी एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न एवं पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से सम्मानित किया गया है। वर्ष 1952 में इन्हें बंबई का मुख्यमंत्री बनाया गया था। इस समय तक गुजरात तथा महाराष्ट्र बंबई प्रोविन्स के नाम से जाने जाते थे।

### चौधरी चरण सिंह




चौधरी चरण सिंह (23 दिसंबर, 1902 - 29 मई, 1987) स्वतंत्र भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक संभाला। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी, 1970 में दूसरी बार वह कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर, 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। 28 जुलाई, 1979 को चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस (यू) के सहयोग से प्रधानमंत्री बने।

### विश्वनाथ प्रताप सिंह



विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के सातवें नेता थे, जो प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे, और वह भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे। प्रशासन के सर्वोच्च पद पर उनका काल एक साल से भी कम रहा - 2 दिसंबर, 1989 से 10 नवंबर, 1990 तक। विश्वनाथ प्रताप सिंह (जन्म - 25 जून, 1931 - उत्तर प्रदेश में; मृत्यु - 27 नवंबर, 2008 - दिल्ली में) राजीव गांधी सरकार के पतन के कारण प्रधानमंत्री बने थे, और आम चुनाव में कांग्रेस को पछाड़कर 2 दिसंबर, 1989 को यह पद प्राप्त किया था। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का कार्यभार भी संभाला था।

### पीवी नरसिम्हा राव



पामुलापति वेंकट नरसिम्हा राव (जन्म - 28 जून, 1921, मृत्यु - 23 दिसंबर, 2004) भारत के नौवें प्रधानमंत्री के रूप में जाने जाते हैं। 'लाइसेंस राज' की समाप्ति और भारतीय अर्थनीति में खुलापन (उदारीकरण) उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही आरंभ हुआ। वह 1971 से 73 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। राव पेशे से कृषि विशेषज्ञ एवं वकील थे।

### एचडी देवेगौड़ा



देश के 11वें प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा 11 दिसंबर, 1994 को कर्नाटक के 14वें मुख्यमंत्री बने। देवेगौड़ा के पास तीसरे मोर्चे (क्षेत्रीय दलों और गैर-कांग्रेस और गैर-भाजपा समूह का गठबंधन) के नेतृत्व का अवसर अचानक ही आया, जो उन्हें प्रधानमंत्री के पद तक ले गया। 30 मई, 1996 को देवेगौड़ा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

### नरेंद्र मोदी



नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की, और वह भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म स्वतंत्र भारत में हुआ। नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के एक छोटे-से शहर में हुआ। वर्ष 2001 में वह अपने गृहराज्य गुजरात के मुख्यमंत्री बने, और इस पद पर लगातार चार कार्यकाल पूरे किए।

बिलासपुर, गुरुवार, 9 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा। वर्ष : 24 । अंक: 46 । पृष्ठ : 10+6 = 16 । मूल्य: 5.00*** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ | हैदराबाद |
|---|---|
| 165/4 | 167/0 |

- 10 विकेट से जीती सनराइजर्स
- 89* रन : ट्रेविस हेड : प्लेयर ऑफ द मैच
- 58 गेंद में बनाए सबसे तेज 167 रन
- 62 गेंद शेष रहते सबसे बड़ी जीत



# सनराइजर्स का महारिकॉर्ड 10 ओवर में सबसे तेज रन चेज

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने अुधवार को आईपीएल इतिहास का सबसे तेज रन चेज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में आज से पहले कभी भी कोई भी टारगेट 10 ओवर के अंदर चेज नहीं हो सका है। साल 2008 में डेक्कन चार्जर्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 155 रन के लक्ष्य को 12 ओवर में चेज किया था।

### 9.4 ओवर में 167 रन

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल इतिहास में 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। हेड-अभिषेक ने 9.4 ओवर में 167 रन ठोके। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एसआरएच ने ही 158 रन बनाए थे।

**सबसे बड़ी जीत**

सनराइजर्स हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते हुए सफलतापूर्वक लक्ष्य को हासिल किया। गेंदों के लिहाज से आईपीएल इतिहास की यह हैदराबाद ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने साल 2022 में 57 गेंद शेष रहते हुए टारगेट को हासिल किया था।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन-पायलट विवाद में फंसी फ्लाइट्स, 90 से ज्यादा उड़ानें रद्द !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/कोच्चि


एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद्द कर दी हैं, क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। इसके बाद देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। केरल के कुछ हवाईअड्डों पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे कुछ यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई। उड़ानें रद्द होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चालक दल के 200 से अधिक सदस्य बीमार होने का दावा, हवाई अड्डों पर यात्रियों ने किया प्रदर्शन

### कर्मचारी संघ ने लगाया कुप्रबंधन का आरोप



एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ (एआईएक्सईयू) एक पंजीकृत कर्मचारी संगठन है जो चालक दल के करीब 300 सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें अधिकतर वरिष्ठ कर्मी हैं। संघ ने आरोप लगाया था कि कंपनी में कुप्रबंधन ने कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित किया है। एक महीने पहले ही टाटा समूह की विस्तारा विमानन कंपनी में पायलटों के असंतोष के बाद उसे प्रतिदिन उड़ानों की संख्या में 10 प्रतिशत तक या 25 से 30 उड़ान की कटौती करनी पड़ी थी।




**दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बड़े रैकेट का भंडाफोड़**

### सीबीआई का शिकंजा, दो डॉक्टर समेत नौ गिरफ्तार, मरीजों से लेते थे रिश्वत

# मरीजों की भर्ती और फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए घूस, फूटा रैकेट

*दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। सीबीआई ने बुधवार को दो डॉक्टरों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग मरीजों से रिश्वत लेकर काम करने जैसे भ्रष्टाचार के मामले में शामिल थे। बताया जा रहा है कि वह जल्दी इलाज करने और बेहतर व्यवस्था देने के नाम पर पैसा लूटते थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने, मेडिकल टेस्ट सर्टिफिकेट जारी करने और इलाज के लिए मरीजों से पैसे वसूलने की आड़ में रिश्वतखोरी का रैकेट चल रहा था। जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपियों ने नकद और डिजिटल भुगतान में रिश्वत ली। सीबीआई ने डॉक्टरों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति से जुड़े डीलरों से जुड़े 15 स्थानों पर छापेमारी की।

**जल्द इलाज और बेहतर व्यवस्था के नाम पर लूट**

सूत्रों के जरिए जांच एजेंसी को खबर मिली थी कि यहां रिश्वत लिया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए दोनों चिकित्सकों की पहचान आरोपी डॉक्टर पर्वतगौड़ा और डॉक्टर अजय राज के तौर पर हुई है। दोनों कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर भी हैं। जांच एजेंसी को सूत्रों से यह जानकारी मिली थी कि डॉक्टर पर्वतगौड़ा ने नरेश नागपाल से रिश्वत ली थी। दरअसल नरेश नागपाल की कंपनी नागपाल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड चिकित्सीय उपकरणों की सप्लाई करती है। इन्हीं चिकित्सीय उपकरणों को अस्पताल में इस्तेमाल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 16 अन्य लोगों के खिलाफ भी की जा रही जांच

**यूं ली जाती थी घूस**

- ▶▶ स्टेंट और अन्य चिकित्सीय उपकरण की सप्लाई के बदले घूस
- ▶▶ अलग-अलग ब्रांड के स्टेंट की सप्लाई के बदले घूस
- ▶▶ लैब में चिकित्सीय उपकरण की सप्लाई के एवज में रिश्वत
- ▶▶ घूस लेकर मरीजों की भर्ती की जा रही थी
- ▶▶ फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के एवज में घूस




**यूपीआई से ली गई पेमेंट**

सूत्रों ने जांच एजेंसी को सूचना दी थी कि कृष्ण कुमार नाम के एक शख्स ने आरएमएल अस्पताल के क्लर्क संजय गुप्ता से संपर्क कर कहा था कि वो उनका मेडिकल रेस्ट सर्टिफिकेट बनवा दें। इसके बाद संजय गुप्ता ने रिश्वत के तौर पर 700 रुपए की डिमंड की थी। यह रकम यूपीआई पेमेंट के जरिए दी गई थी। इसी तरह कई बार मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर घूस दी गई थी।

**कौन हैं आरोपी डॉक्टर?**

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी डॉक्टरों की पहचान कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर पर्वतगौड़ा और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर अजय राज के रूप में की गई है। दोनों आरएमएल अस्पताल में काम करते थे और कथित तौर पर रिश्वत लेते पकड़े गए थे। गिरफ्तार किए गए सात अन्य लोगों में से एक की पहचान केंद्र सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में लैब-इंचार्ज प्रभारी रजनीश कुमार के रूप में की गई है।

**मरीजों से मांगा जाता था पैसै**

सूत्रों ने जानकारी दी थी कि आरएमएल अस्पताल के एक कर्मचारी की नर्स के साथ मिलकर अक्सर मरीजों से रिश्वत लेते थे। यह मरीजों से अप्वाइंटमेंट और एडमिशन के बदले अक्सर पैसे लिया करते थे। यह भी आरोप है कि एक मरीज के परिजनों को उन्होंने धमकी दी थी कि अगर घूस के पैसे नहीं मिले तो वो उनकी गर्भवती पत्नी का इलाज रुकवा देंगे और बिना आगे मेडिकल ट्रीटमेंट के अस्पताल से डिस्चार्ज भी करवा देंगी। परेशान मरीज के पति ने घूस के पैसे भुवन जायसवाल को यूपीआई के जरिए दिए थे।




## खबर संक्षेप

### सीआईडी आईजी, एसपी रायपुर को नोटिस



**बिलासपुर।** अवमानना मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी) एवं एस.पी. (सीआईडी) रायपुर को नोटिस जारी किया है। न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर निवासी कृष्णा प्रसाद ठाकुर पुलिस मुख्यालय के सीआईडी ब्रांच में हेड कान्सटेबल के पद पर पदस्थ थे। पदस्थापना के दौरान उनके विरूद्ध जारी वेतन से वसूली आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया था।

### अस्पतालों में आक्सीजन की सुविधा नहीं, नोटिस

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने अस्पतालों में ऑक्सीजन की सुविधा नहीं होने के मामले को स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में राज्य शासन को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव को अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने अस्पतालों में आक्सीजन की सुविधा नहीं होने के कारण पिछले पांच सालों में 40 हजार से अधिक बच्चों की मौतों को गंभीर मानते हुए जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू की है।




अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514 प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415

08- MAY- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 5/8/2024 9:42 PM Page 1



## चिंतन

# नस्लीय उपमाओं से बचें कांग्रेस के नेता

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के चीनी, अरबी, गोरों व अफ्रीकी बयान से उनकी विभाजनकारी सोच परिलक्षित होती है। उच्च शिक्षित, भारत में कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार सैम पित्रोदा जैसी शख्सियत से भारत की विविधता के लिए रंगभेद आधारित उपमा की उम्मीद नहीं की जा सकती है। भारत के संदर्भ में सैम पित्रोदा का बयान शर्मनाक है, दुर्भाग्यपूर्ण है, निंदनीय है। कांग्रेस ने भी इसे गलत व अस्वीकार्य कहा है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन मजबूत एकता भी है। देश में विभिन्न धर्म-जाति, विभिन्न भाषा-संस्कृति, विभिन्न कद-काठी, विभिन्न रहन-सहन, विभिन्न वेशभूषा के लोग रहते हैं, सभी मिलजुल कर सदभाव व सौहार्द के साथ रहते हैं। इसलिए कहा जाता है कि भारत विभिन्नता में एकता वाला देश है। शायद पित्रोदा भी यही करना चाहते हों, लेकिन उनकी उपमाएं अच्छा संदेश नहीं दे रही हैं। देश की फिजा समावेशी है, लेकिन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के नस्लीय बयान से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। पहले से ही भारत के अनेक दुश्मन हैं, वे हमेशा ऐसी ताक में रहते हैं कि उन्हें भारत को कमजोर करने का असर मिले। यह बात पित्रोदा भी भलीभांति जानते हैं। बेशक कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से खुद को अलग कर लिया है, सैम ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, पर इससे उनके बयान के खतरे कम नहीं हो जाते हैं। चाहे पूर्वोत्तर के लोग हो, उत्तर के हों, पश्चिम के हों, या दक्षिण भारत के लोग हों, सभी भारतीय हैं। सभी के दिल में तिरंगा बसता है। सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के रंग के आधार पर उनकी तुलना विदेशी मुल्कों के वासियों से करके सभी भारतवासियों को कष्ट पहुंचाया है, भारतीयों के दिल को चोट पहुंचाया है। सैम पित्रोदा को इसका एहसास है? इससे पहले भी सैम ने विरासत टैक्स की बात चुनाव के दौरान उठाकर कांग्रेस को संकट में डाला है। भारत में विरासत टैक्स जैसी बात व्यवहारिक नहीं है। विरासत टैक्स के विचार को पहले ही खारिज किया जा चुका है। कांग्रेस अपने पूर्व नेता मणिशंकर अय्यर के चायवाले बयान का खामियाजा भुगत चुकी है। कांग्रेस में अनेक बयानवीर नेता हैं, जो अपनी ही पार्टी को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। चाहे दिग्विजय सिंह हों, शशि थरूर हों, अपने बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा चुके हैं। शशि थरूर का कैटल क्लास वाला बयान भारत की गरीब जनता का अपमान था। देश में लोकसभा चुनाव जारी है, तीन चरण के मतदान हो चुके हैं, चार चरण शेष हैं, प्रचार अभियान शबाब पर है, इस बीच सैम पित्रोदा ने पहले विरासत कर और नस्लीय बयान देकर भाजपा को बैठे बिठाए मुद्दा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोरदार तरीके से कांग्रेस पर हमला बोला है। भले ही कांग्रेस को लगे कि सैम पित्रोदा के इन बयानों से उसके चुनावी प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन विश्ववास से कुछ नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस के मोमेंटम का गहरा धक्का लग सकता है। अभी जब पूरी दुनिया में रंगभेद के खिलाफ सोच विकसित हुई है। यूरोप,, अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरेशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया आदि सभी महादेशों में रंगभेद, नस्लभेद, जातिभेद और धर्मभेद के खिलाफ अलग-अलग स्तर पर विमर्श चल रहे हैं, जिसमें दुनिया को मानवता की दृष्टि से और सभी मानव एक हैं, के नजरिये से देखने की बात हो रही है। रंगभेद के खिलाफ कानून तक बना है। हो सकता है कि सैम पित्रोदा की मंशा न हो, पर उनकी बातों से नस्लभेद का संदेश ही निकला। अगर पित्रोदा देश की एकता, विविधता को मजबूत करने वाली सरल उपमाएं लोगों के सामने रखते तो, अच्छा होता।

## जयंती

योगेश कुमार गोयल



# सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे महाराणा प्रताप

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को लोहे के चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। इतिहासकार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्रायः दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाइयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं। इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जा रही है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप के बारे में कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। मुगल सम्राट अकबर भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर पूरे हिन्दुस्तान में इस्लामिक परचम फहराना चाहता था, इसीलिए उसने महाराणा प्रताप के मेवाड़ को जीतने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमाल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया, बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़ा। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए। हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चयी, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे। महाराणा प्रताप सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



तीसरा चरण
प्रमोद भार्गव

# मतदान और बढ़ाने की जरूरत

**18वीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।**

अठारहवीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में सबसे ज्यादा 75.01 प्रतिशत और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.09 प्रतिशत मत पड़े। अभी इस मतदान के और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों से मतदानकर्मी देर-रात तक वापस आकर आंकड़े दे पाते हैं। हालांकि इन सीटों पर 2014 में 65.38 और 2019 में 67.62 फीसदी मत पड़े थे। इस अनुपात में 2024 में पड़ा मत कम है। मध्यप्रदेश में जिन 9 सीटों पर चुनाव हुआ है, उन पर औसत मतदान 66.50 फीसद रहा, जबकि 2019 की तुलना में यह मतदान मात्र 0.38 प्रतिशत कम है। तब 66.88 प्रतिशत वोट पड़े थे। मध्यप्रदेश में सबसे कम भिंड लोकसभा सीट पर 55.44 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने से बहुचर्चित रही सीट राजगढ़ में 76.19 प्रतिशत वोट पड़े हैं। इस बड़े प्रतिशत को राजगढ़ में कांग्रेस अपने पक्ष में तो भाजपा राम लहर का परिणाम बता रही है। इस मतदान के बढ़ने के कारणों में तिथि में शादी-विवाह न होना और खेती-किसानी का समाप्त हो जाना माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी कुछ ऐसे प्रयोग किए हैं, जो मतदान बढ़ाने में सहायक रहे हैं। बावजूद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार समेत अन्य राज्यों की कई सीटों पर मतदान का प्रतिशत 55 से 59 रहना चिंताजनक है।

जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा होना है। ऐसा राष्ट्रीय मुद्दों का उन क्षेत्रों में प्रभावशील होना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते 350 से ज्यादा सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने में आएगा। यही रुख नरेंद्र मोदी के संकल्प 400 पार को पूरा करता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए के खात्मे के साथ तीन तलाक जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी दूसरे कार्यकाल में खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में होती दिखाई देने लगी थी, जो पहले चरण में हुए मतदान के उत्साहजनक प्रतिशत से पुष्ट हुई है। अब लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून जल्द अस्तित्व में आएं? साथ ही रोजगार की उपलब्धता, महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी मतदाता चाहता है। बहुआयामी चुनाव सुधार के कारगर नतीजे पूरे देश में दिख रहे हैं। इसका श्रेय निर्वाचन आयोग के साथ, लोकतंत्र के इस अभूतपूर्व पर्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने की उन अपीलों को भी जाता है, जो दृश्य, श्रव्य व मुद्रित प्रचार माध्यमों से निरंतर जारी हैं। पूर्वोत्तर भारत से लेकर




दशों दिशाओं में शांतिपूर्ण मतदान में जो सुधार हुआ है, उसे बेहतर, पारदर्शी व फोटो लगी मतदाता सूचियों का भी बड़ा योगदान है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आयोग ने छूटे रह गए मतदाताओं को अपने नाम का पंजीयन कराने का जो अवसर दिया, उसे भी रेखांकित करना जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदाता ने जो उदासीनता दिखाई है, उसके चलते ऐसा लग रहा है कि जीत का इकतरफा माहौल बन जाने के कारण कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला। अतएव अभी मतदाता को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है।

आयोग की सख्ती से चुनाव गुंडा-शक्ति से मुक्त हुए हैं। इस कारण मतदान केंद्रों पर लूटपाट और खून-खराबे के जो हालात बन जाते थे, उनका कमोवेश खात्मा हो गया है। भय-विहीन स्थिति के चलते आम मतदाता निसंकोच मतदान करने लगा है। नोटा के विकल्प ने भी मतदाता को आकर्षित किया है। लिहाजा मौजूदा उम्मीदवारों से निराश मतदाता नकारात्मक मत प्रयोग के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जाहिर है, अतिवादी ताकतें कमजोर पड़ रही हैं। सजायाफ्ताओं के चुनाव लड़ने के प्रतिबंध से भी चुनाव प्रक्रिया साफ-सुथरी व भयमुक्त हुई है, इसीलिए मतदान को लेकर सबसे प्रमुख रुझान जम्मू-कश्मीर में देखने को मिला है। जहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे हैं। यही स्थिति जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में दिखी है। साफ है, जनमानस संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र के प्रति सजग व जागरूक है। मतदान के अगले चार चरणों में यदि मतदान 70 फीसदी से ऊपर पहुंचता है तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदाओं व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारी से मुक्ति दिलाएगी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा मतदान या औसत 70 प्रतिशत तक पहुंचा मतदान उन सब मिथकों को तोड़ रहे हैं, जो तुष्टिकरण के कारक आजादी के बाद से ही बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, लेकिन अब वहां हालात तेजी से बदल रहे हैं और भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बढ़-चढ़कर लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी करने लगे हैं। जाहिर है, मतदाताओं के ध्रुवीकरण की राजनीति को पलीता लग रहा है। नतीजतन समुदाय और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लगा है और उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडिया गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। गठबंधन की परिणति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी में डालने वाला बयान देते हुए कहा कि 'कांग्रेस और वामदल इंडिया गठबंधन के घटक दल नहीं है। कांग्रेस और माकपा ने भाजपा से गुप्त समझौता कर लिया है।' इस बयान में कितनी सच्चाई है, यह कहना तो कठिन है, लेकिन बंगाल के परिप्रेक्ष्य में ममता ने यह संदेश जरूर दे दिया कि बंगाल के मतदाता को भाजपा समेत अन्य विरोधी दलों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। साफ है, ममता बंगाल में अपने बल-बूते पर ही चुनाव लड़ रही हैं।

इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। बावजूद राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें वोट कटवा दल कहकर नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे ही प्रभावी रहेंगे। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट



संकलित
**दर्शन**

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

## जिनमें मतभेद हैं वे कभी सफल नहीं हो पाते



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घटते पेड़ बढ़ती गर्मी का कारण

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में लू परेशान करती है। कभी कभी लू स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर डालती है और यह हमें बीमार भी कर सकती है। इसलिए दोपहर को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को भी स्कूल टाइम में चेंज करना चाहिए। देश के कुछ राज्यों में कहीं-कहीं लू भी चलने लगी है। जिस तरह गर्मी ने अभी से अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू किए हैं, इससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल नहीं है कि भविष्य में हमें गर्मी और ज्यादा परेशान करेगी। आज से कुछ समय पहले एसी और कूलर नाममात्र के होते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी ने इसमें भी इजाफा कर दिया है। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही, तो क्या आने वाले समय में एसी भी गर्मी से बचाने में हमारी मदद कर पाएंगे?

*- पवन सिंह खेडा, रायगढ़*

## ट्रेंड

### नामीबिया को बधाई



हम नामीबिया को मां-से-बच्चे में संचरण को खत्म करने की दिशा में प्रथम बनने पर बधाई देते हैं। हम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयासों के लिए डब्ल्यूएचओ के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदायों को सलाम करते हैं।

**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### स्पष्टता से घटित हो जीवन



आपका जीवन आपकी अपनी स्पष्टता और क्षमता से घटित हो, न कि संयोग से या दूसरों की करुणा और दयालुता से। एक बार जब आपके और आपकी विचार प्रक्रिया के बीच दूरी आ जाती है, तो एक नई स्वतंत्रता का जन्म होता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### आरक्षण का आधार धर्म नहीं



आरक्षण का आधार धर्म नहीं, सामाजिक पिछड़ापन है। पीएम को इतनी भी समझ नहीं। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या मोदी ने कभी मंडल कमीशन की सिफ़ारिशें पढ़ी है? इसमें 3500 से अधिक पिछड़ी जातियों और अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

**-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो**

### तानाशाही से लड़ता रहूंगा




भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ और मुझे जेल में डाला गया। मेरा नाम कन्हैया है, भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलते हुए तानाशाही से लड़ता रहूंगा। सही के साथ और ग़लत के खिलाफ खड़ा होकर मैं मरते दम तक उस धर्म की रक्षा करूंगा।

**-कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर से अधिक धन मिला

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किये गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है।'



## ऑफ बीट

# ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से मिलता है कैंसर का विवरण

कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति का सबसे पहला विवरण चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से मिलता है। काला सागर पर हेराक्लीया शहर के तानाशाह सैटिरस जांघ और अंडकोश के बीच कैंसर हो गया। जैसे-जैसे कैंसर फैलता गया, सैटिरस को बेतहाशा दर्द होने लगा। वह सो नहीं पाता था और उसे ऐंठन होती थी। शरीर के उस हिस्से में फैलने वाले कैंसर को लाइलाज माना जाता था, और ऐसी कोई दवा नहीं थी जो पीड़ा को कम कर सके। इसलिए डॉक्टर कुछ नहीं कर सके। आख़िरकार, कैंसर ने 65 वर्ष की आयु में सैटिरस की जान ले ली। इस काल में कैंसर के बारे में लोग जानते थे। पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत या चौथी शताब्दी के प्रारंभ में लिखे गए एक पाठ, जिसे महिलाओं के रोग कहा जाता है, में बताया गया है कि स्तन कैंसर कैसे विकसित होता है। इसमें बताया गया है कि कैंसर होने पर कठोर गांठें बनने लगती हैं, जिनमें छिपे हुए कैंसर विकसित होते हैं, मरीजों के स्तनों से लेकर उनके गले और कंधे तक दर्द होता है, ऐसे रोगियों का पूरा शरीर पतला हो जाता है, सांस लेना कम हो जाता है, गंध महसूस नहीं होती है। इस अवधि के अन्य चिकित्सा कार्यों में विभिन्न प्रकार के कैंसर का वर्णन किया गया है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com





1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid


Front Grille Garnish
**Opulent Red**


Head Lamp Garnish



Rear Upper Spoiler Extender
**Black + Red**

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

## BENEFITS UP TO ₹20 000^

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: BILASPUR: NEXA AUTOPARK** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884, 9203939934), **RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD** (M SQUARE MOTORS PH: 9329789747, 9830859352), **AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR** (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 8516936201, 7987898802), **KORBA: NEXA KORBA CENTRAL** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140, 9630731111).

Scan to know more.

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION

- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

^Benefits up to ₹20 000 + Velocity Kit worth ₹43 000. Given offers include Exchange bonus and Corporate or Rural offers as applicable on selected variants. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. All offers are applicable till 15th May 2024. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

haribhoomi.com
सेहत
हरिभूमि 4
बिलासपुर, गुरुवार
9 मई 2024



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान







अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

## सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

## साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

## तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

## साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।



### इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

## लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

# विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

प्रिकॉशन

सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन



घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।

**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंड:** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणामः** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरतः** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

आयुर्वेद / दीपिका शर्मा

# फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी





फलों के सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं। कुछ के बारे में जानिए-

**अमरूदः** अमरूद के पत्ते में फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी इनको कारगर माना गया है।

**पपीताः** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज है। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। * **(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



# दस्तावेज जब्त करने ढिल्लन के घर ईओडब्लू की दबिश, 16 मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल

हरिभूमि न्यूज:रायपुर/भिलाई

ईओडब्लू तथा एसीबी के अफसरों ने बुधवार को कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला के आरोप में रिमांड पर चल रहे होटल तथा शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू के भिलाई स्थित आवास में छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई में एक दर्जन के करीब अफसर, कर्मी शामिल रहे। छापे की कार्रवाई कंपलीट होने के बाद ईओडब्लू के अफसरों ने ढिल्लन को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 16 मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

- शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने ढिल्लन को किया है गिरफ्तार, कारोबारी विजय भाटिया के घर भी जांच करने पहुंची जांच एजेंसी

गौरतलब है कि पिछले माह ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम त्रिलोक सिंह के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसकी जानकारी मिलने पर त्रिलोक सिंह फरार हो गया। इसके बाद ईओडब्लू की टीम ने ढिल्लन के घर के कमरों की अलमारियों को सील कर दिया था। उसी सिलसिले में बुधवार को ईओडब्लू की टीम ढिल्लन के घर पुनः छापे की कार्रवाई करने पहुंची। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ढिल्लन के घर दस्तावेज जब्त करने के लिए पहुंची थी। छापे की कार्रवाई के दौरान जांच एजेंसी ने क्या-क्या सामान के साथ दस्तावेज जब्त किया है, इसकी अब तक अधिकृत तौर पर पुष्टि नहीं की है।

**इस कारोबारी के यहां भी जांच टीम पहुंची**

शराब घोटाला के एक अन्य नामजद आरोपी विजय भाटिया के निवास पर ईओडब्लू की टीम छापे की कार्रवाई करने के लिए पहुंची। घोटाला का आरोपी विजय भाटिया फरार है। जांच टीम भाटिया के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची, तब विजय भाटिया घर पर नहीं मिला। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के पूर्व एमडी अरुणपति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह, विजय भाटिया सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने अस्थायी तौर पर संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की है। शराब घोटाले की जांच राज्य के साथ केंद्रीय जांच एजेंसी कर रही है।

## आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाया सवाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिंदी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिंदी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। श्री पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

## वरिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार देकर किया सम्मानित

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग के बीए और एमए के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की और अपने अनुभव बांटकर इसे अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी एवं अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विदाई समारोह को यादगार बनाया।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

टीम के सामने दिया गया प्रजेंटेशन

# रावघाट के ब्लॉक-ए में लौह अयस्क उत्खनन के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भिलाई स्टील प्लांट के लिए आवंटित रावघाट लौह अयस्क क्षेत्र के ब्लॉक-ए पर उत्खनन के लिए एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को कार्य मिला है। भिलाई स्टील प्लांट के आला अफसरों और एसीबी के चेयरमैन और डायरेक्टर ने भूमिपूजन कर कार्य शुरू करने की आधारशिला रखी।

रावघाट लौह अयस्क क्षेत्र के ब्लॉक-ए में 8 मई को एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन कैप्टन रूद्र सेन सिंधु, एमडी वीर सेन सिंधु और भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के डायरेक्ट इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता, ईडी समीर स्वरूप, सीजीएम अरूण कुमार, जीएम जेपी गुप्ता, जीएम अनुपम विष्ट के द्वारा ब्लॉक-ए में लौह अयस्क उत्खनन के लिए भूमिपूजन करते हुए कार्य करने की आधारशिला रखी। इसके उपरांत लगभग एक घंटे तक इस पर विचार-विमर्श किया गया। कार्य की शुरुआत किस तरह से किया जाना है, इस पर रणनीति तैयार की गई। एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट हेड मनस विश्वास ने भिलाई स्टील प्लांट की टीम के सामने प्रजेंटेशन दिया कि हमारी कंपनी ने कार्य करने की किस तरह से योजना बनाई है, उससे भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी सहमत हुए। एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड और भिलाई स्टील प्लांट के सभी टीम सबसे पहले दंडकवन बीएसएफ कैंप में रूके। इसके उपरांत काफिला रावघाट के ब्लॉक ए के लिए रवाना हुआ। एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन कैप्टन रूद्र सेन सिंधु और एमडी वीर सेन सिंधु ने एसीबी के रावघाट टीम से पूरे क्षेत्र की जानकारी लिया और क्षेत्र का भ्रमण किया।

**ये रहे मौजूद**

भूमिपूजन के दौरान बीएसएफ के 11 वीं बटालियन के डीसी दिनेश कुमार, टूवायसी 162 बटालियन संजय सिंह, रावघाट थाना प्रभारी सोमेश बघेल, एसीबी माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी चंद्र दत्त, माइंस हेड एके मिश्रा, वरिष्ठ इंजीनियर सैयद अली, आफीसर अजय सिंह के अलावा एसीबी माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड के रावघाट टीम के समस्त सदसय, भिलाई स्टील प्लांट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी, बीएसएफ व पुलिस विभाग के अधिकारी व अमला उपस्थित रहे।

# डाक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए आवास निर्माण बाउंड्री-बिजली के अभाव में 8 साल से वीरान



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी देने वाले डाक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए करीब 8 साल पहले बनवाया गया आवास वीरान पड़ा है। इसे बनवाने में की गई लापरवाही के कारण वहां सुरक्षा, बिजली, पानी जैसी जरूरी सुविधा भी नहीं मिलने से नर्सिंग स्टाफ व डाक्टर्स ने अलॉटमेंट व मेंटेनेंस के अभाव में रहना भी शुरू नहीं किया है। इससे डाक्टर्स को अभी तक किराए के मकानों से मुक्ति नहीं मिली है।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए विभाग ने 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तो बनवा दिया, लेकिन वहां ड्यूटी देने वाले नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टर्स को मौके पर आवास की सुविधा नहीं दे पाए हैं। इसके कारण अस्पताल में सेवा देने वाले स्टाफ को हर महीने किराया देना पड़ रहा है। नर्सिंग स्टाफ ही नहीं डाक्टर्स को भी विगत 8 साल से आवास की सुविधा का इंतजार है। आवास निर्माण करवाने पर स्वास्थ्य विभाग ने 20 लाख से ज्यादा खर्च किया, इसके बाद भी डाक्टर्स को हर महीने किराया देना पड़ रहा है। रायपुर के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए कई बार आना-जाना पड़ता है। इससे दोहरी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों ने बताया कि दो सीनियर डाक्टर्स व 6 नर्सिंग स्टाफ अस्पताल के पास बनवाए गए आवास में रह सकें, इस लिहाज से सीजीएमएससी ने 2015-16 में 8 परिवारों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास ही स्वतंत्र मकानों का निर्माण करवाया है। इसमें दो कमरे के साथ बरामदा, किचन भी बनवाया गया है। बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में रहने वाले मजदूर परिवारों को 24 घंटे बेहतर सेवा देने के लिए अस्पताल के पास ही डाक्टर्स को आवास की सुविधा देने का दावा फेल है। इससे ड्यूटी देने वाले जिम्मेदारों को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौके का जायजा लेने पर पाया गया कि मकानों में बिजली, पानी की सुविधा नहीं है। इतना ही नहीं, जहां डाक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए मकान बनवाया गया है, वहां सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री का भी निर्माण नहीं किया गया है। आसपास सूनसान इलाका होने से रात में उपद्रवी तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है। रोशनी के लिए आसपास में स्ट्रीट लाइट भी नहीं है।

# शराब घोटाला मामले सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने की हाईकोर्ट में बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब घोटाला मामले में आरोपी आईएएस अनिल टुटेजा ने ईडी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती दी है। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीष्ठ अधिवक्ता सिध्दार्थ अग्रवाल ने बहस की तो शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी बुधवार को हाईकोर्ट में पेश हुए। दोनों तरफ से जमकर बहस हुई। बहस अधूरी रही। अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद जून में होगी।

गौरतलब है कि अनिल टुटेजा और बेटे यश टुटेजा के खिलाफ 17 जनवरी 2024 को एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने भी इसी मामले में नया प्रकरण दर्ज किया है। इसके खिलाफ टूटेजा ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल पिटीशन लगाई है। पिछली सुनवाई में सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद एक अप्रैल को याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध कोई भी प्रतिकूल कार्रवाई करने पर आगामी आदेश तक रोक लगाई थी। इस मामले में जांच पर रोक के लिए डिवीजन बेंच में अपील की गई। हाईकोर्ट ने स्थगन देने से इनकार करते हुए कहा कि 71 व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 12 और भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत अपराध दर्ज हुआ था। वर्तमान एफआईआर अलग-अलग अपराध से संबंधित है। इसलिए, शीर्ष न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ताओं को दी गई राहत तत्काल मामले में लागू नहीं होगी। सुनवाई की अगली तारीख तक याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश देते हुए डीबी ने अगली सुनवाई आठ मई को रखी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने अपने तर्क रखे हैं।

**आईएएस अनिल टुटेजा ने ईडी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को दी है चुनौती**



## कोविड काल में काम करते हुए शिक्षकों की मौत, 50 लाख मुआवजे की मांग

**बिलासपुर।** कोविड काल में काम करते हुए शिक्षकों की मौत के मामले में मुआवजे को लेकर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने शासन से जवाब माँगा है। इसी तरह पुलिस कर्मियों के मामले में पेश जनहित याचिका पर भी एकसाथ सुनवाई हुई, जिसमें शासन ने जवाब में कहा है कि, इसमें पहले से ही मुआवजे का प्रावधान है।

दिलीप सारथी ने एक जनहित याचिका पेश कर स्वास्थ्य कर्मियों की तरह शिक्षकों को भी कोविड काल में काम करने की वजह से मुआवजा देने की मांग की थी। सारथी ने अपनी याचिका में कहा था कि, कोविड काल में मरीजों के उपचार और जांच में लगे कुछ स्वास्थ्य कर्मचारियों की जान चली गई थी। इस प्रकार के मामले में केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिया था। इसी तरह मरीजों की ट्रेसिंग और कोरोना मरीजों की मौत के बाद विशेष रूप से बनाए गए अंत्येष्टि स्थल पर ड्यूटी कर रहे कई शिक्षक भी बीमार हुए थे। इनमें से कुछ ने बाद में दम तोड़ दिया था, ऐसे परिवारों को राज्य शासन को भी 50 लाख का मुआवजा देना चाहिए। प्रकरण में लम्बे समय से सुनवाई चल रही है। बुधवार को चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच में इस पर शासन का जवाब नहीं आया। द

सरी ओर लोकेश कावड़यि ने पुलिस कर्मियों की कोरोना ड्यूटी के दौरान हुई मौत पर जो पी आई एल पेश की थी, उसमें आज शासन ने जवाब पेश कर बताया कि पुलिस कर्मियों के लिए शासन की नीति में यह पहले से ही प्रावधान है। हाईकोर्ट ने शिक्षकों के मामले में शासन से यह जवाब मांगा है कि शासन इन प्रकरणों में मुआवजे के लिये क्या कार्रवाई कर रहा है। मामले को अब समर वेकेशन के बाद निर्धारित किया गया है।

## मधुमक्खियों का हमला, तीन यात्री जख्मी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घटना में तीन यात्री जख्मी हुए, जिन्हें एयरपोर्ट की मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रवाना किया गया। तीनों हैदराबाद और बेंगलुरु की फ्लाइट के यात्री थे। घटना के बाद मौजूद मधुमक्खी के छत्ते को हटाने की प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार यात्री नियमित प्रक्रिया के तहत रायपुर विमानतल पर आवाजाही कर रहे थे। इसी दौरान कुछ यात्री इधर-उधर भागने लगे। बताया जाता है कि डिपार्चर गेट पर मौजूद छत्ते की मधुमक्खियों ने लोगों को काटना शुरू कर दिया था। इस घटना के बाद वहां कुछ देर तक आपाधापी मची रही। घटना की जानकारी होने के बाद विमानतल पर तैनात चिकित्सकीय टीम ने तीनों मरीजों का प्राथमिक उपचार किया। सौभाग्य से मधुमक्खी के डंक से किसी को गंभीर जख्म नहीं आया था। उपचार के बाद तीनों यात्री जो अपने परिवार के साथ थे वे टर्मिनल में दाखिल हुए। निर्धारित समय पर अपनी-अपनी फ्लाइट से गंतव्य के लिए रवाना हुए। घटना की जानकारी होने पर विमानतल प्रबंधन ने टर्मिनल की आवाजाही वाले द्वार पर मौजूद मधुमक्खी के छत्ते को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। एयरपोर्ट के निदेशक एसडी शर्मा ने बताया कि घटना हुई थी, मगर किसी को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। सूत्रों के अनुसार करीब सात माह पहले बंद हुई रायपुर-प्रयागराज की सीधी फ्लाइट की वापसी के आसार बन रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि यात्रियों की संख्या और लगातार डिमांड के बाद इसे पुनः प्रारंभ करने का विचार किया जा रहा है। एयरलाइंस कंपनी द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने और डीजीसीए से अनुमति मिलने के बाद उसे संचालित किया जाएगा।


**// गुमशुदा //**



नाम अंकुर प्रसाद पिता केदार प्रसाद उम्र- 31 वर्ष, निवासी- सेक्टर-4 क्वा नं. 24/C और D सड़क-27 भिलाई, हुलिया कद- 5.5" रंग सांवला, नीला शर्ट, काला फूल पेन्ट एवं सफेद रंग का चप्पल पहना है। हिन्दी बिहारी बोलता है। B.Tech तक पढ़ाई किया है।

कृपया जिस किसी सज्जन को यह मिले या दिखाई दे तो कृपा कर के इस नंबर पे सूचित करें। बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

सम्पर्क करें- मो.- 8810365471 मो.- 9009085803


# पुलिस अफसर होने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया और रेप, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

कोतवाली थाने में दो वर्ष पूर्व दर्ज रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने रेप के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण पंकज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। केस वापस लेने का दबाव बनाने रेप के आरोपी ने युवती के पति तथा परिजनों को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाया था।

- अनुसूचित जाति की युवती को रखैल बनकर रहने दबाव बनाया

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने पीयूश तिवारी को 27 वर्षीय युवती के साथ रेप करने के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक युवती ने चार वर्ष पूर्व 3 जनवरी 2020 को पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दो वर्ष पूर्व युवती की पीयूश के साथ पहचान हुई थी। तब उसने युवती को अपने आपको डीएसपी होना बताया था। इसके बाद पीयूश ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप किया। शादी करने का दबाव बनाने पर पीयूश ने इनकार कर दिया। शादी से इनकार करने पर युवती ने पीयूश के बारे में जानकारी जुटाई, तब उसे पता चला कि पीयूश फर्जी पुलिस अधिकारी है। साथ ही वह पूर्व से विवाहित है। इसके बाद युवती पीयूश के साथ संबध तोड़कर अपने परिजनों के साथ बिलासपुर चली गई और परिजनों की सहमति से इंदौर के लड़के से शादी कर ली। युवती की शादी होने की जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती पर संबंध बनाने दबाव बनाया। ऐसा नहीं करने पर युवती को उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती ने कोर्ट में बताया कि बार-बार परेशान किए जाने की वजह से उसने पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई। इसकी जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती के पति तथा उसके परिजनों के खिलाफ भिलाई तथा मौदहापारा थाने में झूठी एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाया। इसके बाद पियूश युवती को उसके पति तथा परिजनों को जमानत दिलाने के नाम पर राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में ले गया, वहां उसने युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर रेप किया। साथ ही पीयूश से तलाक लेकर अपने साथ रखैल के रूप में रहने दबाव बनाया। लोक अभियोजक के मुताबिक रेप के आरोपी ने बचाव के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। युवती के परिजनों के खिलाफ झूठे केस दर्ज कराने के साथ ही आरोपी ने अपने बचाव के लिए पुलिस को गवाह बनाकर कोर्ट में पेश किया।




**CHHATTISGARH STATE MARKETING CORPORATION LIMITED**
4TH FLOOR, AABKARI BHAVAN, 4th FLOOR, CHHOKRA NALA, LABHANDI, RAIPUR, CHHATTISGARH, 492001

**Tender Notice**

Date:03.05.2024

Tenders have been issued for following works :


| S.N | Tender No. | Description | Date of issue | Last date of submission |
|---|---|---|---|---|
| 1 | T.No.: CSMCL/Tender/2024-25/8 | RE-TENDER FOR APPOINTMENT OF CHARTERED ACCOUNTANTS FIRM FOR ASSIGNMENT OF INTERNAL AUDIT OF RETAIL LIQUOR SHOPS AND DISTRICT OFFICES OF CSMCL (ZONE NOS. 6,8,9,10,11 & 12) | 03.05.2024 | 24.05.2024 |

2. Tender document can be downloaded from **www.excise.cg.nic.in/csmcl/tender**

S-40169

-sd-
Managing Director
CSMCL


## शब्द पहेली - 5505



**बाएँ से दाएं-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. बिम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5504 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5516

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5515 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# डोर्टमंड ने चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह




एजेंसी ⏭ पेरिस

मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा। डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियंस लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे।

# सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल





**मार्सेली।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की गई। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्ज्वलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम ने करतब दिखाईगी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

## बाउंड्री मीटर

1741 चौके

997 छक्के

## खबर संक्षेप



### माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी होगी नीलाम

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।

### 25 मई को हर साल मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक




दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था।

### सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान



आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की।

## आईपीएल : 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंची सनराइजर्स

# हैदराबाद ने लखनऊ को 10 विकेट से रौंदा, मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9.4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। टेविस हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं अभषेक शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिए 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरुआत खराब रही और 11.2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाए। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था। हैदराबाद का अगला मैच 16 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को पंजाब किंग्स से है। वहीं, लखनऊ की टीम को 14 मई को दिल्ली से अरुण जेटली स्टेडियम में और 17 मई को मुंबई से वानखेडे. में भिड़ना है।

- 100+ रन के चेज में 62 गेंद शेष रहते जीतना सबसे बड़ी जीत



### हेड का अनोखा रिकॉर्ड

ट्रेविस हेड का यह आईपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक रहा। उन्होंने इस सीजन तीन ऐसे अर्धशतक लगाए हैं, जो 20 से कम गेंदों पर आए हैं। इसी के साथ उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने मैकगर्क के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा तीन-तीन बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है।

### पांच बार की चैंपियन बाहर

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है। इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं। टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है। अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं। वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं। चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं। मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है। 12 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे।

### पावरप्ले में हाइएस्ट स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 125/0 | हैदराबाद | दिल्ली | 2024 |
| 107/0 | हैदराबाद | लखनऊ | 2024 |
| 105/0 | कोलकाता | बेंगलोर | 2017 |
| 100/2 | चेन्नई | पंजाब | 2014 |
| 93/1 | पंजाब | कोलकाता | 2024 |

शर्मनाक रिकार्ड

# 12 रन पर मंगोलियन टीम आउट, दूसरा न्यूनतम स्कोर



एजेंसी ⏭ सानो

एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी।

जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन



दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था।

## टूर्नामेंट सिर्फ तीन महीने दूर

# ओलंपिक में डेब्यू करने 'एनर्जी सेविंग मोड' में चल रही निकहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन अपने ओलंपिक पदार्पण से महज तीन महीने दूर हैं और इसकी तैयारी के लिए वह अब 'एनर्जी सेविंग मोड' में आ चुकी हैं।

'एनर्जी सेविंग मोड' (ऊर्जा बचाते हुए खुद को तरोताजा रखने के लिए) के अंतर्गत वह सोशल मीडिया से दूर हो चुकी हैं, ज्यादातर अकेला रहना पसंद कर रही हैं, कभी कभी मिठाई खाने से भी परहेज नहीं कर रहीं और नेटफ्लिक्स पर खूब फिल्में और सीरीज देख रही हैं। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की प्रबल दावेदारों में शुमार जरीन का मानना है कि ऐसी गतिविधियां जो भले ही कईयों को आरामदायक लगे, लेकिन उनके लिए यह वास्तव में 26 जुलाई को पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक से पहले खुद को शांतचित्त बनाए रखने का तरीका है। जरीन ने कहा, 'सच कहूं तो मैं अब भी ओलंपियन बनने के अहसास से गुजर रही हूं। जैसे जैसे दिन आगे बढ़ रहे हैं, मेरी घबराहट बढ़ती जा रही है। लेकिन मैं अपना दिमाग अच्छे प्रदर्शन पर ध्यान लगाए रखने पर लगा रही हूं।'



## आयरलैंड की अगुवाई करेंगे पॉल स्टर्लिंग



**डबलिन।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। टीम : पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रॉस एडेयर, एंड्रयू बेलबिर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कान टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

## गुमशुदा



पूजा कौशिक (रीना) पिता पुन्नी लाल कौशिक उम्र 18 वर्ष, ऊंचाई 5 फीट, चेहरा लम्बा, बाल काला, रंग गोरी, दुबली, मानसिक स्थिति थोड़ी कमजोर है। गुलाबी रंग का फ्राक, लाल रंग का लैंगिस पहनी है, सफेद थैला रखी है, जो ग्राम कुरेली, सागर (काठाकोनी) बिलासपुर से दिनांक 26.04.2024 को शाम 4.00 बजे बिना बताये कहीं चली गई है। जिस किसी सज्जन को दिखे, कृपया सूचित करने की कृपा करें। उचित ईनाम दिया जावेगा।
मो. 9329152141, 8959172919

# तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।' चोपड़ा




के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी एजेंसी से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा।

हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
शाखा- रायगढ़ (छ.ग.)

**कब्जा नोटिस** (अचल संपत्ति हेतु)
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(1) अंतर्गत)

यतः
अधोहस्ताक्षरी ने **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 8 एवं 9 के तहत प्रदुत अधिकारों का प्रयोग करते हुए **इंडियन बैंक** की **रायगढ़ शाखा** के निम्नलिखित **उधारकर्ताओ- 1) श्री लिंकन कुमार बोहिदार** पिता श्री महेश कुमार बोहिदार **2. श्रीमती श्रद्धा एस. बोहिदार** पति श्री लिंकन बोहिदार, दोनों का सामान्य पता: प्लॉट नंबर 23, वार्ड नंबर 48, ग्रीन सिटी कॉलोनी, बोईरदादर, रायगढ़ -496001, **दिनांक** 19.01.2024 को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणि को देय नोटिस में उल्लेखित राशि **रु. 1621357.80/- (रुपये सोलह लाख इक्कीस हजार तीन सौ सत्तावन एवं अस्सी पैसे मात्र)** + ब्याज सहित 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था।
ऋणि द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणि एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 एवं 9 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदुत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को **दिनांक** 03.05.2024 को अपने कब्जे में लिया है।
ऋणि को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **इंडियन बैंक** को देय राशि **रु. 1621357.80/- (रुपये सोलह लाख इक्कीस हजार तीन सौ सत्तावन एवं अस्सी पैसे मात्र)** एवं उस पर ब्याज के अध्यधीन होगें।
देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

खसरा नंबर 32/9/59, 32/9/3, 32/10/4, 32/10/5, 32/10/2 एवं 32/10/3 (खाता नंबर 32/9/59, 32/9/3, 32/10/3, 32/10/2, 32/10/4, 32/10/5 का भाग), प्लॉट नंबर 23, ग्रीन सिटी कॉलोनी, वार्ड नं. 48, ग्रीन सिटी कॉलोनी, गांव: बोईरदादर, पी.एच. नंबर: 30, तहसील एवं जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में क्षेत्र- 0.014 हेक्टेयर पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्री लिंकन कुमार बोहिदार पिता श्री महेश कुमार बोहिदार. **सीमाएं :- उत्तर:** प्लॉट नंबर 22, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 24, **पूर्व:** कॉलोनी रोड, **पश्चिम:** कॉलोनी बाउंड्री वाल.

**दिनांक: 09.05.2024, स्थान- रायगढ़** — **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

# हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 हेमन्त कुमार नामदेव, पचरीघाट 2 श्याम किशोर साहू, तेलीपारा नंदु गैरेज के पास 3 नेकेश्वर दास धर्मगुडी, बाबु खोली बुधवारी बाजार 4 सविता पाटिल, सेन्दरी 5 सुभाष अग्रवाल, साव धर्मशाला के पास जुना बिलासपुर 6 प्रकाश विश्वकर्मा, गंधर्व मोहल्ला चांटीडीह 7 निधी भास्कर , जरहाभाठा 8 जलेश्वर साहू , बी आर यादव वार्ड बहतराई 9 शेखर सिंह ठाकुर, अटल आवास चिंगराजपारा 10 अभिषेक मौर्य रामायण चौक चांटीडिह 11 संतोष सिंह कोशले, तिफरा कुन्दरापारा 12 सीमा गुप्ता, मुंगेली रोड बिलासपुर 13 भोलाराम सूर्यवंशी, सैदा 14 विमला ठाकुर, तिलक नगर बिलासपुर 15 डी.सी.अमित वर्मा, सिद्वीविनायक नगर घुरू 16 अशोक श्रीवास, लावर 17 निकिता यादव, पुलिस लाईन महिला थाना के पास 18 राजेश्वर प्रसाद तिवारी, हांफा 19 सीता कश्यप, तेली पारा लोधीगली 20 प्रमोद दिनकर, लखराम 21 विद्यानंद अग्रवाल, शांतिनगर बिलासपुर 22 झामनेश्वर प्रसाद देवांगन, बहतराई गली नं 4 23 सुरज यादव, कुदुदंड मंगलारोड 24 सुनील कुमार राठौर, गतौरा 25 आशीष यादव, देवीनगर महाराणा प्रताप चौक 26 पिंकी लोनिया, संजय नगर चांटीडिह 27 यश प्रकाश सूर्यवंशी, तोरवा 28 अजीत कुमार कौशिक, हांफा 29 लक्ष्मी थवाईत, शांतिलाज के पास जुना बिलासपुर 30 मनहरण लाल शुक्ला, देवनंदन नगर फेस 1 31 अभिलाष यादव, महमंद 32 मोहित टुटेजा, मेलापारा रामायाण चौक 33 लक्ष्मी नारायण सोनी, सागरदीप कॉलोनी उस्लापुर 34 पंकज कुमार गुप्ता, विशाल नगर अमेरी 35 उर्वशी कौशिक, सिचांई कालोनी सकरी 36 हेमन्त कुमार सेंदुरा, आर्दश नगर सिरगट्टी 37 किशोर कुमार बंजारे, कालिका नगर तिफरा 38 इरम परवीन, कुदुदंड मस्जिद गली 39 कृतिका यादव, अमरनाथ साव धर्मशाला जुना बिलासपुर 40 राखी गुप्ता, मंगला बिलासपुर **जांजगीर** 1 कमल कुमार साण्डे, अमरैया पारा वार्ड नं. - 24, जांजगीर 2 राजेश कुमार देवांगन, बुधवारी बाजार बलौदा 3 श्रीमति मंजुलता साहू, कोसला पामगढ़, जांजगीर चांपा 4 श्रीमति मंजू धीरही, कालेज के सामने अकलतरा जांजगीर **कोरबा** 1 अनीता सिंह, शांतिनगर बाल्को 2 दिलीप मोंगरे, सेक्टर-6/477 बाल्को 3 ज्योत्सना साहू, बेलाकछार बाल्को 4 नीरज कुमार शर्मा, शांति नगर बाल्को 5 लेख राम बरेठ, बेलाकछार बाल्को 6 पूनम कुमार धीवर, रायपुरा

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

08- MAY- COR- MAIN- Pg- 10 RAJDHANI_Layout 1 5/8/2024 9:56 PM Page 1



# चिखली खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनों से दिन-रात किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन



हरिभूमि भूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र स्थित चिखली रेत खदान में रेत माफिया दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करा रहे हैं। इसके लिए खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनें लगाकर बहुत कम समय में हाईवा गाड़ियों में रेत की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। खदान में चल रहे इस अवैध उत्खनन का लाइव विडियो बनाते हुए छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने खनिज विभाग से शिकायत भी की है, लेकिन इस शिकायत के बावजूद खदान में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण खदान में रेत माफिया के लोग बेखौफ होकर रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने चिखली रेत खदान में चल रहे अवैध रेत का उत्खनन का विडियो बनाया है। इस विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग नदी किनारे से चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर हाईवा में लोडिंग कर रहे हैं। यह विडियो रात में बनाया गया है। इस विडियो में 5-6 चेन माउंटेन मशीनों के साथ आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें रेत भरी जा रही है। संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि इसकी शिकायत वे खनिज विभाग के अधिकारियों व इंस्पेक्टरों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विनोद अग्रवाल ने कहा है कि शिकायत के बाद भी रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि रेत माफिया को किसी ऐसे व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी पकड़ विभाग के अधिकारियों तक है, इसलिए शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्रों के अनुसार चिखली रेत खदान को सीआ से रायल्टी पर्ची पर उत्खनन करने की एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी खदान में रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार एनओसी मिलने के बाद भी खदान में रेत की लोडिंग मजदूरों के जरिए कराया जाना है, लेकिन ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग करा रहे हैं।

## 13 में 4 को एनओसी, वहां भी नियम विरुद्ध लोडिंग

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 13 रेत खदानों में अब तक 4 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है। इनमें कुरुद, हल्दीडीह, पारागांव एवं कुम्हारी में एक-एक खदान है। इन खदानों में भी नियम विरुद्ध तरीके से चेन माउंटेन मशीनों से ही रेत की लोडिंग कराई जा रही है।

## शिकायत मिली है तो कार्रवाई कराएंगे

चिखली खदान में अवैध रेत उत्खनन-परिवहन किए जाने की शिकायत आई है, तो इस पर कार्रवाई कराएंगे।

**- गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

# पैकरा को डीएमई का अतिरिक्त प्रभार, जगदलपुर डीन भी रहेंगे

**रायपुर।** जगदलपुर मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता डॉ. यूएस पैकरा को चिकित्सा शिक्षा संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह आईएएस जनक प्रसाद पाठक की यूपी में चुनाव ड्यूटी लगने की वजह से महीनेभर तक आईएएस चंदन कुमार को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. विष्णु दत्त 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए थे। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालक का पद खाली था। राज्य शासन ने बुधवार को आदेश जारी कर जगदलपुर के डीन डॉ. यूएस पैकरा को डीएमई का अतिरिक्त प्रभार दिया है। डॉ. पैकरा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के काफी वरिष्ठ चिकित्सक हैं और उन्हें डीन के रूप में काम करने का अनुभव भी है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में उन्हें पूर्ण रूप से चिकित्सा शिक्षा संचालक बनाया जाएगा। इधर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त का कामकाज 4 जून तक आईएएस चंदन कुमार संभालेंगे। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त जनक प्रसाद पाठक की चुनाव ड्यूटी भारत सरकार द्वारा 5 मई से 4 जून तक लगाई गई है।







# कमल विहार में भव्य उद्घाटन कार्यक्रम 12 को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन के पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उदघाटन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ वासियों शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा गुरुदेव के जन्मदिन के पूर्व संध्या 12 मई को मुक्ताकाशी मंच घड़ी चौक में शाम 7:15 सामूहिक पूजा के बाद शाम 7:45 में प्रसिद्ध भजन गायक प्रवीण मेहता बैंगलोर आश्रम द्वारा सुरमयी संगीत की सुमेरु संध्या का आयोजन रहा है। इसी कडी में 13 मई को सुबह सुदर्शन क्रिया ज्ञान क्षेत्र रायपुर में तथा आयुष होमा का आयोजन एवं दोपहर में हनुमान मंदिर मोतीबाग के समीप चन्ना, छाछ वितरण कार्यक्रम होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com